पत्रिका 4/5/2019

एनसीसी यूनिट शुरू करने की तैयारी, हर यूनिट में रहेंगे 100-100 कैडेट

डीएवीवी में पहली बार : यूटीडी में अगले सत्र से देशभक्ति-अनुशासन का सबक

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

इंदौर. स्कूल-कॉलेजों के बाद अब देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी के विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राएं भी एनसीसी (राष्ट्रीय कैडेट कोर) का हिस्सा बन सकेंगे। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने अगले सत्र से एनसीसी यूनिट शुरू करने की तैयारी कर ली है। जल्द ही इंदौर ग्रुप कमांडर को आवेदन किया जाएगा। एनसीसी के जरिए छात्रों को देशभक्ति और अनुशासन का सबक सिखाया जाएगा।

डीएवीवी से संबद्ध ज्यादातर कॉलेजों में एनसीसी की यूनिट संचालित हो रही है। स्कूल स्तर पर एनसीसी से जुड़े कैडेट यूटीडी में एडमिशन लेने के बाद इससे कट जाते थे। इस कारण लंबे समय से यूनिवर्सिटी के विभागों में एनसीसी शुरू करने की मांग उठ रही थी। कार्यपरिषद से मंजूरी मिलने के बाद अब यूनिवर्सिटी प्रशासन यूटीडी में पहली बार एनसीसी यूनिट खोलने का विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर रहा है। एनसीसी के लिए इंदौर ग्रुप कमांडर की अनुमति लेना होगी। प्रस्ताव तैयार होते ही इसे हेडक्वार्टर भिजवाया जाएगा। पहले साल 100 कैडेट की एक यूनिट शुरू करने की योजना है। छात्रों का रुझान देखते हुए 100-100 कैडेट की एक से ज्यादा यूनिट भी खोली जा सकती है। हर यूनिट में 50 फीसदी लड़कियां रहेंगी।

रोमांच के साथ व्यक्तित्व विकास भी

होलकर साइंस कॉलेज के एनसीसी ऑफिसर प्रो. संजय व्यास ने बताया, एनसीसी का हिस्सा बनकर अनुशासन और देशभक्ति के साथ रोमांच का अनुभव और व्यक्तित्व विकास भी होता है। कैडेट्स के लिए ट्रैकिंग, जैसी गतिविधियों के साथ वाद-विवाद व अन्य रचनात्मक गतिविधियां भी होती है। सेना से जुड़ने की इच्छा रखने वालों के लिए एनसीसी सबसे अच्छा जरिया है।

एनसीसी के फायदे

- एनसीसी सी सर्टिफिकेट धारकों के लिए आइएमए (इंडियन मिलिट्री एकेडमी) में 64 सीट आरक्षित।
- केंद्र व राज्य सरकार की नौकरियों में प्राथमिकता।
- बी और सी सर्टिफिकेट धारकों को शॉर्ट सर्विस कमिशन में लिखित परीक्षा से छूट

देशभक्ति और अनुशासन सिखाने के लिए एनसीसी अच्छा जरिया है। यूटीडी में जुलाई से शुरू होने वाले सत्र से ही एनसीसी की यूनिट शुरू की जाएगी।

प्रो. नरेंद्र धाकड़,
कुलपति